# 2047 तक छोटे शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ने की है योजना : कमलनाथ

## एमपी के चुनाव में जनता कांग्रेस के पक्ष में

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और छिंदवाड़ा के विधायक कमलनाथ शनिवार को छिंदवाड़ा पहुंचे उस दौरान उन्होंने मीडिया से कहा कि मध्य प्रदेश की दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए हैं जिसमें जनता कांग्रेस के पक्ष में है।

### पार्टियां करती हैं अपने दावे फैसला जनता के हाथ में होता है

महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव पर कमलनाथ ने कहा है कि सभी पार्टियां अपने अपने दावे करती है लेकिन फैसला जनता को सुनाना होता है मध्य प्रदेश सहित देश की जनता भाजपा की रीति नीति समझ चुकी है महाराष्ट्र में भी कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार बनेगी और वहां पर जनता हमारे पक्ष में फैसला देगी।



### एयरपोर्ट के लिए छिंदवाड़ा में तलाशेंगे नई जमीन

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 2019 में छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट बनाने के लिए जमीन चिन्हित की थी सरकार गिरने के बाद प्रोजेक्ट खटाई में पड़ गया लेकिन कुछ दिन पहले ही हवाई सेवाओं के विस्तार की संभावनाओं को तलाशने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम छिंदवाड़ा की हवाई पट्टी में जमीन की कमी बताई थी इसको लेकर कमलनाथ ने कहा है कि अगर यहां पर एयरपोर्ट नहीं बन सकता है तो उसके लिए नई जमीन तलाशेंगे।

दरअसल 2037 तक छिंदवाड़ा के छोटे शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ने का प्लान भारत सरकार कर रही है इसी के लिए हर जिले में सर्वे किया जा रहा है इसी के चलते छिंदवाड़ा भी टीम पहुंची थी हालांकि उसने छिंदवाड़ा की हवाई पट्टी में जमीन की कमी बताया था 2019 में कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट बनाने के लिए मोहखेड विकासखंड के तिकाड़ी गांव के आसपास जमीन को चिन्हित किया था जिसके सर्वे के लिए बजट भी पास हुआ था। छाया- शेख अल्फाज

# किसी को दोष देने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए भाजपा को : अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस लीगल कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष अधिवक्ता ठा. राजेंद्र सिंह बैस ने बताया की पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने काल में मेरी पहल पर वन विभाग की जमीन अधिवक्ता संघ के हित में जिला न्याायलय को कुटुम्ब न्यायालय एवं अधिवक्ता कक्ष के निर्माण हेतु दिलवाने का प्रस्ताव जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा से प्रकरण तैयार करवाकर वल्लभ भवन भोपाल स्वीकृति हेतु भिजवाया था जो आज भी लंबित है, और कोरोना काल में मात्र 15 माह में भाजपायी लोगों ने कांग्रेसी विधायकों की खरीद, फरोख्त कर चुनी हुई सरकार गिराकर स्वयं की सरकार बनायी तथा वर्तमान में मुख्यमंत्री मोहन यादव भाजपा के मुख्यमंत्री के रूप में पदस्थ हैं, जो कि स्वयं एक अधिवक्ता हैं, जिनसे उक्त जमीन का प्रस्ताव पास कराने हेतु भाजपा के तथाकथित नेताओं ने कोई प्रयास नहीं किया परंतु कमलनाथ द्वारा दिये गये जमीन के प्रस्ताव बावत् दोषारोपण करना भाजपा के नेताओं को शोभा नहीं देता। इस संबंध में भाजपायी नेता स्वयं अपने गिरेवान में झांके और वे देखे की उन्होनें अपनी 21 वर्ष के कार्यकाल की सरकार में अधिवक्ताओं के हित में क्या कार्य करायें हैं। अधिवक्ताओं के हित में प्रोटेक्शन एक्ट भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्यों के साथ भोपाल में मीटिंग बुलाकर प्रोटेक्शन एक्ट पास करने की पहल की थी। अभी 21 वर्षो से प्रदेश में बी.जे.पी. की सरकार होते हुये भी प्रोटेक्शन एक्ट बिल पास नहीं किया गया है जबकि मात्र 15 माह की कांग्रेस की कमलनाथ सरकार को बिना वजह बदनाम कर दोषारोपण किया जाना उचित नहीं है ।

## सार-समाचार

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से 12 एनसीसी कैडेट्स बने अग्निवीर, एक महिला का भारतीय नौसेना में चयन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वर्ष 2024 में पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा, 24 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. के 12 एन.सी.सी. कैडेट्स अग्निवीर (आर्मी) में अंतिम रूप से चयनित होने में सफल हुए।

ज्ञात हो कि 24 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. के कमान अधिकारी थॉमस ओमेन द्वारा अग्निवीर भर्ती पूर्वाभ्यास के विशेष शिविर क्रमशः छिंदवाड़ा, सिवनी तथा पांडुरना में विगत वर्ष से लगातार लगाए जा रहे थे जिसमे एन.सी.सी. के कैडेट्स को अग्निवीर भर्ती से जुड़ी लिखित परीक्षा, ग्राउंड, तथा मेडिकल से जुड़ी बारीकियों सहित तकनीकी जानकारी से अवगत कराया गया साथ ही अभ्यास भी कराया गया जिसके परिणाम स्वरूप छिंदवाड़ा जिले के अग्रणी महाविद्यालय से वर्ष 2023 में नौ तथा वर्ष 2024 में 12 एन.सी.सी. कैडेट्स भारतीय सेना तथा नौसेना में चयनित हो रहे है, चयनित कैडेट्स में एस.यू.ओ. सुशील सल्लाम, कैडेट राजेश यदुवंशी, कैडेट अर्जुन चंद्रवंशी, कैडेट



निर्मल इवनाती, कैडेट पारसनाथ ओक्टे, कैडेट राजकुमार यादव, कैडेट राजवीर वर्मा, कैडेट मोहन यदुवंशी, कैडेट नितेश उइके, कैडेट अजय गोदेवार, कैडेट अंकित चंद्रवंशी, कैडेट आयुषी मस्तकार, सभी कैडेट्स को ज्वाइनिंग देकर देश के अलग-अलग प्रशिक्षण केंद्रों में कठोर ट्रैनिंग दी जा रही है इसके पश्चात इन्हे विभिन्न रेजीमेंटों में नियुक्त कर दिया जायेगा।

महाविद्यालय से पार्थ मालवी का एस.एस.बी. के माध्यम से सैन्य अधिकारी पद पर चयन हुआ है, इस विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए पी एम कालेज ऑफ एक्सीलेंस के एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. शेखर ब्रम्हने ने बताया कि 24 एम.पी बटालियन द्वारा अग्निवीर सम्बन्धी जानकारी और प्रशिक्षण निरंतर जारी है। इसी माह 23 नवम्बर, 25 नवम्बर, 26 नवंबर एवं 28 नवंबर को क्रमशः पी एम कालेज ऑफ एक्सीलेंस छिन्दवाड़ा मैदान, पुलिस ग्राउंड सिवनी, नगर पालिका मैदान पांढुरना, ई.ओ.सी. ग्राउंड परासिया में अग्निवीर मॉक टेस्ट होने है जिसमे चारों डिवीजन से अग्नीवीर की तैयारी कर रहे नौजवानों को समुचित मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अग्निवीर में सफल पी.एम. कालेज ऑफ एक्सीलेंस के एन.सी.सी. कैडेट्स को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाय. के. शर्मा द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

### संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे पर जयपुर पहुंचे सांसद साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी संसदीय स्थाई समिति के अध्ययन दौरे पर समिति के सदस्य और छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सांसद बंटी विवेक साहू जयपुर पहुंचे। अध्ययन दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्थान राज्य के जयपुर में आयोजित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि के साथ उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा विषय पर प्रतिनिधियों के साथ बैठक में भाग लिया, उसके बाद सांसद श्री साहू उपभोक्ता मामलें खाद और सार्वजनिक वितरण संबंधी संसदीय स्थाई समिति के सदस्यों के साथ खाद गोदामो के निरीक्षण करने पहुंचे यहां खाद्यानों की बर्बादी और नियंत्रण के उपाय विषय पर एफसीआई और सीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा में भाग लिया। सांसद श्री साहू ने चर्चा में उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा एवं खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार को लेकर अपनी बात रखी। बता दें कि सांसद विवेक बंटी साहू पहली बार छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गए है तब से वे लगातार भ्रमण करते हुए अपने कर्तव्यों का सतत निर्वाहन हाई कमान के निर्देश पर कर रहे है।

# दो भाजपा पार्षद और दो पार्षद पति छह वर्ष के लिए निष्कासित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने प्रदेश भाजपा के निर्देश पर 2 पार्षद और 2 पार्षद पतियों को अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए 6 वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासित पत्र में कहा गया है कि भाजपा नेता संतोष राय, शिव मालवी जो पार्षद पति है और पूर्व में पार्षद और सभापति भी रह चुके है तथा पार्षद श्रीमती किरण हरिओम सोनी, श्रीमती पूर्णिमा मालवी है जिन्हें पार्टी से 6 वर्षो के लिए निष्कासित किया गया है। निष्कासन पत्र में कहा गया है कि 8 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार को नगर पालिक निगम अध्यक्ष के विरूद्ध लाऐं गए अविश्वास प्रस्ताव के उपरांत भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे पार्षदों के साथ गाली गलौच कर पार्टी कार्यकर्ताओं को गद्दार जैसे अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अनर्गल आरोप लगाऐं गए साथ ही महिला पार्षदों के साथ भी अभ्रदता की गई, जिस संबंध में इसके पूर्व आपको कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था जिसका आपके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं होने के कारण आपके विरूद्ध अनुशासनहीनता की कार्यवाही करते हुए प्रदेश संगठन के निर्देश पर आपको भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षो के लिए निष्कासित किया जाता है।

बता दें कि 3 नाम ऐसे है जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भाजपा का झण्डा बुलंद रखा था और जेल तक भी गए उसमें से संतोष राय मुख्य रूप से है तथा संघर्ष में हरिओम सोनी और शिव मालवी सदा संगठन के लिए लड़ते रहे, आप कई बार पार्षद रहे और पार्टी ने उन्हें ही 6 वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया है जिससे वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ साथ क्षेत्र के मतदाताओं में भी नाराजगी देखी गई है क्योंकि यह एक ऐसे स्तंभ है भाजपा के जो हमेशा उस वार्ड से चुनाव जीतते है और अपने वार्डो में लोकसभा, विधानसभा के प्रत्याशियों को भारी बहुतमत से लीड भी दिलाते है।

# मोगली के घर पहुंचे, जाना जंगल का राज, टाइगर देख रोमांचित हुए बच्चे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा बच्चो को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष लिए पेंच नेशनल पार्क सिवनी में राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव आयोजन किया जाता है।

इसी श्रंखला में गत दिवस पेच नेशनल पार्क मोगली लैंड में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मोगली बाल उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल के मार्गदर्शन ने अपने मार्गदर्शी शिक्षकों के साथ छिंदवाड़ा जिले से कनिष्ठ एवम वरिष्ठ वर्ग के 2 छात्र एवम 2 छात्रा एवम दो शिक्षक एवम सहजकर्ताओं की सहभागिता रही। जिला स्तर पर क्विज उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा व मार्गदर्शी शिक्षक धीरेंद्र दुबे, समिना शेख, सहजकर्ता में विनोद तिवारी, ममता पटले, मुरलीधर राव, के के मिश्रा शामिल हुए। सभी मोगली मित्रो ने मोगली की धरती पर छात्र-छात्राओं को नेचर ट्रेल, ट्रेजर हंट, हैबिटेट सर्च, जंगल सफारी के लिए प्रातः पांच बजे तीनो ग्रुपो में वाघिरा, बालू समूह को ले जाया गया। जंगल सफारी के दौरान मोगली मित्रो को बाघ, तेंदुआ सहित अनेकों जंगल के प्राणी दिखाई देने से आनंदित हुए। वही नेचर ट्रेल में वन एवम वन्य प्राणियों की जानकारी प्रदान की गई। वहीं ट्रेजर हंट एवम वन्य जीवों के आवास की जानकारी सहजकर्ताओं द्वारा प्रदान दी गई।

उल्लेखनीय है कि बच्चों के भोपाल एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जनजाति कार्य विकास विभाग, माध्यमिक शिक्षा मंडल, वन विभाग इकोटूरिज्म एवम् पर्यटन विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

मोगली उत्सव कार्यक्रम में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग एवं वन विभाग द्वारा सहजकर्ता मार्गदर्शी शिक्षकों के द्वारा जैव विविधता बोर्ड द्वारा चित्रकला, जैव विविधता पहचानों सहित पेंच नेशनल पार्क के अंदर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन भोपाल द्वारा बच्चो एवम शिक्षको के लिए लिखित एवम मल्टी मीडिया क्विज का आयोजन भी किया गया जिनके पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य गया। सभी ने शाम को वन्य प्राणी एवम लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए वही वन्य प्राणीयों पर आधारित फिल्म दिखाई गई। इसके साथ जैव विविधता बोर्ड के प्रयासों से इंदौर से आए राजेंद्र ने तारामंडल पर आधारित अन्य वैज्ञानिक गतिविधि करवाई। बच्चो ने प्रतिदिन शिविर की गतिविधि पर आधारित समाचार पत्र का लेखन एवम प्रकाशन किया गया। जिसकी सभी अतिथियों ने प्रशंसा की। समस्त मोगली मित्रों को मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल द्वारा प्रशिक्षित सहजकर्ताओ में मुरलीधर राव, विनोद तिवारी, ममता पटले, रवि कटरे, पूजा पांडे, दीपक मिश्रा, अनिल चौधरी, कपिल पटेल, कमलेश



प्रतियोगिता मोगली बाल उत्सव में चयनित कनिष्ठ वर्ग में छात्रा कु. स्वाति जलवेकर शास स्कूल सिल्लेवानी, छात्र आर्यमन नागरे निर्मल पब्लिक स्कूल शिकारपुर एवम वरिष्ठ वर्ष में छात्र भावेश वर्मा शास उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा, छात्रा श्रुति धारे शास सर्वांगीण विकास एवं वन पर्यावरण, वन्य जीव संरक्षण की जानकारी के लिए मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के साथ सहयोगी के रूप में पाठ्य पुस्तक निगम, पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन एपको, मध्यप्रदेश जैव विविधता बोर्ड अतिथि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, स्थानीय विधायक, जिला शिक्षा अधिकारी श्री कुमरे, एपको के पर्यावरण शिक्षा अधिकारी दिलीप चक्रवर्ती एवम जैव विविधता बोर्ड के प्रबंधक मनोज सोलंकी के हस्ते विजय प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया कालोकार, पंकज चौधरी, संजय नामदेव, के.के. मिश्रा सहित पूरी टीम ने सहजता से उन्हे पर्यावरण गतिविधिया संपादित करवाई। समापन समारोह में अतिथि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के हस्ते सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

# कमलनाथ के पहुंचते ही कांग्रेसियों ने लगाए जिंदाबाद के नारे, पुष्पमालाओं से किया स्वागत





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देश के वरिष्ठ नेता व म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री छिन्दवाड़ा विधायक कमलनाथ का आज चार दिवसीय प्रवास पर छिन्दवाड़ा आगमन हुआ। विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पहुंचे पूर्व सीएम श्री नाथ का कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी व जिंदाबाद के नारों से उनका स्वागत किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पुष्पहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर अपने लाड़ले नेता की अगुवानी की। एयर स्ट्रिप से लेकर ईमलीखेड़ा चौक तक कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह उनका स्वागत किया।

पूर्व सी.एम. कमलनाथ के आगमन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, पांढुर्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके, पांढुर्ना विधायक निलेश उइके, आनंद बक्षी, निगम अध्यक्ष सोनू मागो, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव, शैलू सेंगर, पार्षद टिंकू राय, कोमल साहू, प्रबल सक्सेना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व आमजन उपस्थित रहे।

# बाल दिवस पर बालकों को दी उनके अधिकारों की जानकारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** किशोर न्याय बालको की देखरेख संरक्षण अधिनियम 2015 के प्रचार प्रसार, स्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के मन मे उत्पन्न उमंग को ध्यान मे रखते हुए अपनी जीवन शैली मे किस तरह सुधार करना चाहिए इस हेतु जागरूकता लाने के लिए बाल दिवस के अवसर पर बालाजी पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा मे जागरुकता कार्यक्रम प्राचार्य अनुराधा नायडू के मार्ग दर्शन मे किया गया। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के पूर्व सदस्य एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामलराव ने उपस्थित छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शाला मे नैतिक शिक्षा के साथ उनके संस्कार को विकसित करने हम सभी को पहल करने की आवश्यकता है यदि इन विषयो पर ध्यान नही दिया जाता हे तो छात्र गलत दिशा मे चले जाते है वहीं बालको के अधिकारों मे जीवन जीने विकास शोषण के विरूद्ध संरक्षण सहभागिता का अधिकारो के विषय मे पूर्ण ज्ञान होना चाहिए।

## नई तकनीक से चने की बोवनी देखने पहुंचे सिल्लेवानी





### आत्मा परियोजना की टीम ने देखा कृषक दुर्गेश का काम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार गत दिवस उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा विभागीय टीम के साथ जिले के ग्राम सिल्लेवानी पहुंचकर ग्राम सिल्लेवानी में प्रगतिशील कृषक दुर्गेश तुमराम के खेत में जिले में नवाचार के रूप में आत्मा व विभागीय योजना के माध्यम से काबुली चना जे.जी.के.-5 प्रदर्शन की बोनी को देखा गया। साथ ही अन्य 4 प्रर्दशन का बोनी कर कृषकों को रेज्डबेड पद्धति से बेड बनाते हुए सिंड्रिल ट्रेक्टर से बोनी नवाचार के अन्तर्गत की गई एवं उपस्थित कृषकों को बोनी संबंधी तकनीकी जानकारी दी गई।

इस दौरान उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह के साथ उप परियोजना अधिकारी आत्मा छिन्दवाड़ा प्राची कोतु एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मोहखेड़ डी.एस. घागरे, बी.टी.एम. मोहखेड़ प्रिया कराड़े, ए.टी.एम. आत्मा पंकज पराड़कर व अन्य कृषक उपस्थित थे जिन्होंने किसानों को रबी की बोनी की उपस्थित किसानों को सलाह भी दी।

## भरतादेव में मराठा समाज का मिलन समारोह आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला क्षत्रिय मराठा समाज का मिलन समारोह आज रविवार 17 नवंबर को स्थानीय भरतादेव में सुबह 11 बजे से होगा। अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि मिलन समारोह में सभी सामाजिक बंधुओं एवं मातृशक्तियों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी साथ ही कई आकर्षक मनोरंजक गेम होंगे। महिलाओं के लिए वन मिनट शो सहित अन्य प्रतियोगिताएं रखी गई है वहीं बच्चों के भी मनोरंजन गेम होंगे। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया जाएगा। जिसके बाद सभी सामाजिक बंधुओं का स्नेह भोज होगा। इसी दौरान आम सहमति से मराठा समाज की नगर महिला अध्यक्ष की भी घोषणा की जाएगी। अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने सभी सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने कहा है।

## आयुष विभाग ने जनजातीय गौरव दिवस पर लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आयुष विभाग द्वारा छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू की उपस्थिति में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के आदेशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार पोला ग्राउंड छिंदवाड़ा में गत दिवस आयुर्वेद एवं होम्योपैथी का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आयुर्वेद द्वारा 287 रोगी एवं होम्योपैथी द्वारा 149 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दिनचर्या, ऋतुचर्या, गर्भिणी परिचर्या, पोषण आहार, औषधीय पौधों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही देवारण्य योजना के अंतर्गत अश्वगंधा की खेती तथा नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में जानकारी भी प्रदान की गई।

इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन टेकरे, डॉ. प्रवीण रघुवंशी, डॉ. धर्मराज देशमुख, डॉ. धर्मेंद्र मेरावी, सी.ए. एम.ओ. डॉ. शिवानी साहू व डॉ. भारती गढ़ेवाल के साथ ही आयुष विंग, आयुर्वेद औषधालय छिंदवाड़ा के सभी स्टाफ का सहयोग रहा। बता दें कि इस कार्यक्रम में जिले के सांसद विवेक बंटी साहू पहुंचे थे उन्होंने शिविर का अवलोकन किया और आयुर्वेद को सर्वश्रेष्ठ अचूक औषधी बताते हुए सही दिशा में चिकित्सको को मरीजों का उपचार करने निर्देश दिए।

### सार समाचार

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 539 मरीजों का उपचार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में 57 वा स्वास्थ्य शिविर चौरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सांख में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 610 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 539 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाए गए 71 गंभीर मरीजों को रेफर किया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस की पत्रकारों को दी बधाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय प्रेस परिषद ने विधिवत रूप से 16 नवम्बर, 1966 से कार्य करना प्रारंभ किया। इस दिन के महत्व को प्रतिपादित करते हुए इसे प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को भारतीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमारे देश में प्रिंट मीडिया के लिये व्यावसायिक मानकों को परिभाषित करने और उनका निर्वहन करने वाले नियामक के रूप में भारतीय प्रेस परिषद (प्रेस काउंसिल ऑफ इण्डिया) कार्य कर रही है। यह एक वैधानिक निकाय है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस सही मायनों में लोकतंत्र के केन्द्र में एक स्वतंत्र एवं जिम्मेदार प्रेस की उपस्थिति का प्रतीक है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस-2024 की थीम प्रेस का बदलता स्वरूप है। इस अवसर पर मैं भोपाल और छिन्दवाड़ा सहित पूरे प्रदेश और देश के इलेक्ट्रानिक, प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को बधाई प्रेषित करता हूं।

## विभागीय राज्य स्तर क्रिकेट में बिछुआ के चार खिलाड़ी चयनित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछुआ की छात्रा विभागीय राज्य स्तर में कुमारी भारती खोरगडे, कुंती विश्वकर्मा, दुर्गा उईके, शिवानी बट्टी का चयन हुआ है जो कि 16 नवम्बर को अमरवाड़ा स्टेडियम में अपना प्रदर्शन किया। उनके चयन पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग सत्येन्द्र सिंह मरकाम, ट्राईवल जिला खेल अधिकारी अनुरोध शर्मा, बी.ई.ओ. रजनी आगामे, प्राचार्य मिथलेश कुमार इवने, प्राचार्य वी.के. पडोले, पीटीआई संजीव गौतम, ललित गुप्ता, लक्ष्मी डेहरिया, गणेश घाघरे, स्वाति शुक्ला, स्वाति भट्ट, प्रमोद बागड़े, रामप्रसाद परतेती, जयदेव कडवे, मोनिका पलवार, रेखा भमोरे, रूपाली हुरडे, नीतू पवार, संजय परतेती, सीमा बघेल, नीना पाटिल, रानी चौरिया, चारू मित्रा चौरे, प्रज्ञा इंदौरकर, कविता मालवीय, विनोद ठाकरिया, ब्लॉक खेल समन्वयक प्रकाश डेहरिया समेत स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्राओं ने शुभकामनाएं दी।

## अवैध रूप से रेत परिवहन करते ट्रैक्टर पकड़ा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बिछुआ सहित आसपास के क्षेत्र में रेत माफिया के द्वारा खुलेआम रूप से दिनदहाड़े रेत की तस्करी की जा रही है, जिसका ताजा मामला शनिवार की सुबह देखने में आया जब बिछुआ पुलिस थाना के सामने ही राजस्व विभाग की टीम ने बिना नंबर प्लेट के अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार बिछुआ विकासखंड के ग्राम बड़ोसा क्षेत्र की नदी से रेत निकालकर अवैध रूप से बिक्री का कार्य ट्रैक्टर मालिक के द्वारा किया जा रहा था। तहसील कार्यालय बिछुआ से मिली जानकारी के अनुसार सौंसर निवासी जयराज पिता देवराम खड़ाईत के बिना नंबर प्लेट के ट्रेक्टर को पकड़ा गया है। राजस्व टीम के द्वारा प्रकरण बनाकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चौरई के समक्ष पेश करने की बात कहीं गई। वहीं दूसरी ओर बिछुआ, चौरई, सौसर, रामाकोना आदि क्षेत्र से भी अवैध रूप से भारी मात्रा में रेत का परिवहन किया जा रहा है की जानकारी मिली है।

## माली मोहल्ला लोनिया करबल के सरकारी नाले में अतिक्रमण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बीते दिनों मंगलवार को माली मोहल्ला लोनिया करबल निवासियों ने जनसुनवाई में एक आवेदन देकर शिकायत की है कि सरकारी नाले पर अवैध कब्जा कर कॉलोनी जैसे कांटे जा रहे है और नगर निगम में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सी.एम. हेल्पलाईन भी लगाया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। यदि कॉलोनी नाला पुरकर बना दिया गया तो किसानों के खेत में पानी भरेगा तो भारी नुकसानी होगी। वार्ड के पार्षद तरूण कराड़े ने भी अपने लैटरपेड पर लिखकर निगम को कार्यवाही करने के लिए कहा था कि अवैध निर्माण हो रहा है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। प्रशासन ध्यान दें।

## घरेलू रूफ टॉप सोलर के लिए कैम्प



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा शहर के स्थानीय दशहरा मैदान में गत दिवस अधीक्षण अभियंता छिन्दवाड़ा की उपस्थित में एवं राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में घरेलू रूफटॉप सोलर के संबंध में जागरूकता अभियान के अंतर्गत कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप के दौरान लगभग 132 उपभोक्ताओं के द्वारा विशेष रुचि दिखाते हुए मौके पर पंजीयन किया गया एवं 9 उपभोक्ताओं के द्वारा तत्काल विभागीय एप पर मौके पर उपस्थित वेंडर को चुन कर रजिस्ट्रेशन राशि जमा करा दी गई। उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्योदय योजना के अंतर्गत घरेलू रूफ टॉप सोलर के अंतर्गत भारत सरकार के द्वारा 78,000 रुपए की सब्सिड़ी दी जा रही है। उपभोक्ता स्वयं स्मार्ट बिजली पोर्टल एवं पीएम सूर्योदय के पोर्टल पर जाकर स्वयं वेंडर चुन सकते हैं।

वर्तमान में छिंदवाड़ा जिले के 275 से ज्यादा उपभोक्ता इस योजना का फायदा उठा कर बिजली के भारी बिलों से मुक्ति पा चुके हैं। इसके साथ ही 2 करोड़ रूपए से ज्यादा को सब्सिड़ी भी उपभोक्ताओं के सीधे खाते में ट्रांसफर हो चुकी है। जो उपभोक्ता रूफ्टॉप सोलर के लिये एकमुश्त राशि नही देना चाहते हैं, वह भी मात्र 18000 रुपए जमा कर रूफ टॉप सोलर लगवा सकते हैं, जिसके लिए भारत सरकार द्वारा लोन की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## गुढ़ी कांटा घर के पास मनाई गई भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती



**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** मां भारती की स्वतंत्रता और जल जंगल जमीन और जनजातियों की अस्मिता की रक्षा के लिए अपने जीवन के अंतिम सांस तक अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ने वाले महान लोकनायक आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती गुढ़ी कांटा घर के पास वीर टंट्या बिरसा समिति अंबाड़ा गुढ़ी के द्वारा मनाई गई।

इस दौरान उनके छायाचित्र पर तिलक लगाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर वीर टंट्या बिरसा समिति अंबाड़ा गुढ़ी के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि और ग्राम के नागरिकगण उपस्थित रहे।

## जैन तीर्थ महावीर जी की पदयात्रा पर निकले अलकेश जैन का अभिनंदन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सर्वोदय अहिंसा एवं जियो और जीने दो के पवित्र उद्देश्य को लेकर विश्व शांति की मंगल भावना के साथ परासिया के जिनशासन सेवक समाज सेवी अलकेश जैन महावीर हीरो ने विगत दिनों परासिया से जैनतीर्थ महावीरजी की 800 किलोमीटर पदयात्रा प्रारंभ की जो न्यूटन, तमिया, देलाखारी होते हुए शनिवार की शुभ संध्या पर मटकुली पहुंचे।

जहां पर छिंदवाड़ा से समाज सेवी संजीव जैन सत्कार हीरो, सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन, अमरवाड़ा से सचिन जैन, तामिया से एडवोकेट हरभजन साहू, गांगई से यशपाल मोदी ने सपरिवार उनसे भेंट की ओर उनकी पदयात्रा की खूब खूब अनुमोदना करते हुए उनका तिलक लगाकर शॉल श्रीफल से अभिनंदन कर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उनके पूज्य माता-पिता, धर्मपत्नी एवं प्यारी बिटिया सहित अन्य शुभचिंतक भी उनसे मिलने मटकुली पहुंचे।

श्री जैन ने बताया कि परासिया से जैन तीर्थ क्षेत्र महावीरजी राजस्थान की दूरी लगभग 800 किलो मीटर हैं जिसे अलकेश जैन ने 12 नवंबर को परासिया से प्रारंभ की और आगे पदयात्रा करते हुए पूर्ण करने का संकल्प लिया, जिनका जगह-जगह आत्मीय अभिनंदन हो रहा है उन्होंने शनिवार को रात्रि विश्राम पिपरिया में किया और आज रविवार को वहां से प्रात: बाडी, बरेली, भोपाल होते हुए ब्यावरा, चांदखेड़ी आदि तीर्थक्षेत्र के दर्शन कर आगामी 20 दिसंबर तक महावीरजी पहुंचने का लक्ष्य रखा रखा है जो सकल जैन समाज के साथ छिंदवाड़ा जिले के लिए गर्व की बात है। यह जिले से प्रथम अवसर है जब कोई जैन बंधु श्री महावीरजी की 800 किलोमीटर की यात्रा पैदल चलकर पूरी कर विश्व शांति का संदेश देंगे।

## पेंचवेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया में युवा उत्सव आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय पेंचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया में जिला स्तरीय सांस्कृतिक पक्ष जिसमें एकल नृत्य समूह नृत्य, एकांकी, मूकाभिनय, मिमिक्री, हास्य नाटिका का आयोजन किया गया।

निर्णायक विजय आनंद दुबे ने कहा कि-विद्यार्थियों में युवा उत्सव के माध्यम से कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना एवं प्रोत्साहित करना है, लोक कलाएं युवाओं में राष्ट्रीय एकता एवं सांप्रदायिक सौहार्द तथा भाईचारे की भावना को बढ़ाती है। नाट्य कर्मी सचिन वर्मा का विचार है- नाटक विद्यार्थियों को ऐसा सामूहिक मंच प्रदान करता है जहां वे अपनी कलात्मक रंगमंचीय एवं अभिनय क्षमताओं प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर सकें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- विद्यार्थियों में सृजन क्षमता का विकास एवं सामाजिक तथा राष्ट्रीय प्रगति हेतु रचनात्मक प्रयोग ही युवा उत्सव है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन.पी. त्रिवेदी ने इस अवसर पर कहा युवा उत्सव के माध्यम से विद्यार्थी आज की तकनीकी युग में लोक कलाओं तथा लोक नृत्य के माध्यम से भारतीय परंपरा एवं देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देते हैं और उसे संरक्षित करते हैं। युवा उत्सव छात्राओं को अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करता है। सांस्कृतिक पक्ष के निर्णायक श्वेता विश्वकर्मा, अनामिका पाटिल, अर्चना लोखंडे तथा नाट्य कर्मी दानिश अली की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

चयनित प्रतिभागी अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर में छिंदवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रथम एकल नृत्य में प्रथम पी.जी. महाविद्यालय परासिया, समूह नृत्य में प्रथम आईपीएस कॉलेज छिंदवाड़ा, एकांकी में प्रथम शासकीय महाविद्यालय अमरवाड़ा, मूक अभिनय में प्रथम शासकीय विज्ञान महाविद्यालय पांढुरना, हास्य नाटिका में स्थान आईपीएस कॉलेज छिंदवाड़ा और मिमिक्री प्रथम शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा रहे।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अशोक बरसिया ने चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा- युवा उत्सव विद्यार्थियों में सृजनात्मकता एवं ऊर्जा का संचार करता है छात्रों को युवा उत्सव के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. पवन नाग, डॉ. योगेश अहिरवार एवं डॉ. ख्याति सोनी तथा आभार व्यक्त जिला स्तरीय सांस्कृतिक पक्ष के संयोजक प्रो. अमिता ब्यौहार किया ।

